निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक–C-1264/बा0वि0परि0/पो0 एवं स्वा0/2022–23, दिनांक 27/12/ 2022

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/प्रभारी।
उत्तर प्रदेश।

विषय– पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों के आधार सत्यापन के सम्बन्ध में।

कृपया भारत सरकार के पत्र संख्या–एन0ओ0 17/11/2021– सीडी–।।।(ई–96766) दिनांक–19 जुलाई, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा आंगनबाडी केन्द्र के समस्त लाभार्थियों का आधार सत्यापन पोषण ट्रैकर पर किये जाने के निर्देश दिये गये है। जिसके सम्बन्ध में निदेशालय के पत्र संख्या–सी–511, दिनांक 16.08.2022 , पत्र संख्या–सी–987, दिनांक 16.11.2022 एवं पत्र संख्या–सी–3257 दिनांक 15.12.2022 द्वारा तथा विभागीय बैठकों में आवश्यक निर्देश निर्गत किये गये है।

भारत सरकार द्वारा दिनांक 31.12.2022 तक पोषण ट्रैकर पर आधार सत्यापित लाभार्थियों हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 के चतुर्थ त्रैमास के लिये खाद्यान्न व अनुपूरक पुष्टाहार मद में धनराशि आवंटित किये जाने के निर्देश दिये गये है। पोषण ट्रैकर पर आगंनबाडी केन्द्र के लाभार्थियों के आधार सत्यापन की समीक्षा में पाया गया है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 के तृतीय त्रैमास हेतु निर्गत अनुपूरक पुष्टाहार के आपूर्ति निर्देश (डी0आई0) में अंकित श्रेणीवार लाभार्थी व पोषण ट्रैकर पर आधार सत्यापित लाभार्थियों की संख्या में अत्यधिक विचलन है, विवरण पत्र के साथ सलंग्न है। इस सम्बन्ध में निदेशालय स्तर से बार–बार निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी उक्त कार्य में प्रगति न होने से प्रतीत होता है कि आपके द्वारा इस अत्यन्त गम्भीर कार्य के सम्बन्ध में समुचित प्रयास नही किया गया है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि व्यक्तिगत प्रयास करते हुये अभियान के रूप में समस्त श्रेणी के लाभार्थियों का पोषण ट्रैकर पर पजीकरण, आधार फीडिंग तथा आधार सत्यापन का कार्य प्रत्येक दशा में दिनांक 31.12.2022 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यदि उक्त तिथि तक आंगनबाडी केन्द्र के समस्त लाभार्थियों का आधार सत्यापन पोषण ट्रैकर पर न होने की स्थिति में लाभार्थी अनुपूरक पुष्टाहार से वंचित होते है तो इस हेतु आप उत्तरदायी होगें।

सलंग्नक–यथोक्त।

(गौरव शुक्ला)
उपनिदेशक

पृष्ठांकन संख्या– /तददिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2– समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3– समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

(गौरव शुक्ला)
उपनिदेशक